निफ्टम में रोपे गए 500 पौधे

जासं, कुंडली : राष्ट्रीय संस्थान खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान, कुंडली के कुलपति डॉ. अजीत कुमार ने कहा कि पर्यावरण को बचाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे रोपे जाने चाहिए। जितने अधिक पेड़-पौधे होंगे धरा पर जीवन को बचाए रखना उतना ही आसान होगा। वह संस्थान परिसर में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। इस दौरान संस्थान परिसर में पांच सौ पौधे रोपे गए। उन्होंने कहा कि अब धरा पर पर्यावरण प्रदूषण की मात्रा लगातार बढ़ रही है। पौधे ही इसे रोक सकते हैं। सभी को चाहिए कि वह अधिक से अधिक पौधे रोपें जिससे कि धरा को फिर से हरा-भरा बनाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि बढ़ते प्रदूषण के कारण ओजोन परत लगातार क्षतिग्रस्त हो रही है। अगर ओजोन परत की क्षति को रोकना है तो पृथ्वी से प्रदूषण की मात्रा को मिटाना होगा। साथ ही सभी का नैतिक व सामाजिक दायित्व है कि हरियाली को बढ़ाकर आने वाली पीढ़ी को नया जीवन दें।